केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, वर्सोवा, मुंबई - २ अक्टूबर, २०२१

केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में **2** अक्टूबर **2021** को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें कर्मचारियों और छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। स्वच्छता के अंतर्गत पुरुष छात्रावास, महिला छात्रावास एवं दफ्तर के बेसमेंट (यारी रोड परिसर) की सफाई की गयी। सूखे पत्तों, इत्यादि को खाद बनाने हेतु इस्तेमाल किया गया और प्लास्टिक के चीजों को रीसाइक्लिंग के लिए एकत्रित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ गोपाल कृष्णा के मार्गदर्शन इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ अपर्णा चौधरी, डा. एन एस नगपुरे, डा. रूपम शर्मा, डा. गायत्री त्रिपाठी, डा. एल मंजुषा, डॉ पवन कुमार, डा. अरुण कुमार एवं डा. एम. एच. चंद्रकांत ने किया, और श्री प्रणय बिसवाल ने सहयोग किया। इस अभियान में अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने भी योगदान दिया।

संस्थान के कोलकाता केंद्र ने भी प्रभारी अधिकारी डॉ जी एच पाइलन के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जिसमें वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने भाग लिया ।

बेसमेंट स्वच्छता अभियान

पुरुष छात्रावास स्वच्छता अभियान

महिला छात्रावास स्वच्छता अभियान

कोलकता केंद्र स्वच्छता अभियान